प्राथमिकता / समयबद्ध / महत्वपूर्ण

प्रेषक,

राज्य मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय,
राज्य मिशन निदेशालय, उ0प्र0
सेक्टर–7 गोमती नगर विस्तार,
लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त नगर आयुक्त,
   नगर निगम, उ0प्र0।
2. समस्त अधिशासी अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत, उ0प्र0।

पत्र संख्या–पी.एम.यू. /7457/441(2)/2023 लखनऊ दिनांक 25 जनवरी, 2023

विषयः– स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय 2.0 के अंतर्गत **''10तक डोर टू डोर''** अभियान चलाये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि प्रदेश के समस्त जनपदों की नगर निकायों में नगरीय सुविधाओं के स्तरोन्नयन, नगरों के सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु माह जनवरी, 2023 से **100 दिवसीय ''उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर'' (UP G Cities) अभियान** चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत **''स्वच्छ माघ मेला'', ''आरंभ सिंगल यूज प्लास्टिक बैन'' अभियान एवं ''स्वच्छ विरासत'' अभियान** का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में **''स्वच्छ ढाबा'' अभियान वर्तमान में गतिमान है और माह फरवरी 2023 से ''10तक डोर टू डोर'' अभियान** चलाया जाना प्रस्तावित है। उक्त अभियान के द्वारा राज्य के नगरों को **Good to Great** बनाने का तत्पर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के नगरों को वैश्विक मापदण्डों पर भी श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया गया है।

आप विदित है कि स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (SWM) सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक विधि द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (SWM) हेतु सोर्स सेग्रीगेशन किया जाना अनिवार्य है। उपरोक्त के दृष्टिगत प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे तक शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन (source segregation) सहित पूर्णतया डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित कराने हेतु **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान दिनांक **01 फरवरी से 31 मार्च 2023** तक 03 चरणों (Pray - Persuade - Penalise) में निम्नवत् चलाया जाना हैः–

**प्रथम चरण**– दिनांक **1 फरवरी से 15 फरवरी 2023** तक **''10तक''** ''डोर टू डोर'' अभियान में व्यापक आई0ई0सी0 की गतिविधियां एवं जागरूकता हेतु जनमानस को **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के प्रति अपनी सहभागिता देने हेतु Pray (प्रार्थना) किया जाना है एवं डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन से होने वाले लाभों के विषय में जन मानस को निम्नवत अवगत कराना हैः–

- दुर्गन्ध मुक्त वातावरण।
- कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थान **GVP (Garbage Vunerable Point)** मुक्त नगर।
- चिकनगुनिया, डेगूं, मलेरिया आदि जनित रोगों से बचाव।

- स्वच्छ गली, स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ नगर, स्वच्छ निकाय एवं बेहतर जीवन स्तर आदि के विषय में अवगत कराया जाना।

**द्वितीय चरण**– **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत दिनांक **16 फरवरी से 03 मार्च 2023** तक स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा वार्ड स्तर पर डोर टू डोर कैम्पेन के माध्यम से जनजागरूकता एवं जनसहभागिता सुनिश्चित कराया जाना है। जनप्रतिनिधियों तथा एन0जी0ओ0, सी0एस0ओ0 एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जनमानस को उक्त अभियान के द्वारा Persuade (सहमत) भी कराया जाना है।

**तृतीय चरण**– दिनांक **04 मार्च से 31 मार्च 2023** तक **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत प्रतिभाग व सहयोग न करने वाले वल्क वेस्ट जनरेटर, हाउसहोल्ड एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को Penalise, (चालान) किये जाने की मुहिम चलायी जानी है।

उक्त अभियान के माध्यम से प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय क्षेत्र में शत प्रतिशत कूड़े का कलेक्शन डोर टू डोर पूर्णतया सोर्स सेग्रीगेशन (source segregation) के साथ सुनिश्चित कराना है जिससे कूड़े का कुशल निस्तारण किया जा सके तथा अभियान का प्रारम्भ प्रचार–प्रसार के साथ योजनाबद्ध ढंग से किया जाना है।

उपरोक्त के क्रम में निकाय स्तर पर **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान को योजनाबद्ध ढंग से सकुशल चलाने हेतु निम्नलिखित कार्यों को दिनांक **31 जनवरी 2023** तक सुनिश्चित करायें:–

**<u>अभियान से पूर्व</u>** :–

- अभियान पूर्व शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु कूड़ा गाड़ी, हत्थो ठेला, मिनी ट्रिपर, ट्राई साईकिल ट्विन बिन की उपलब्धता मानक के अनुसार सुनिश्चित करें।
- अभियान पूर्व शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन (source segregation) हेतु आवश्यकता अनुसार मैन पॉवर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- निकाय के समस्त सफाई कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- अपने निकायों के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को गीला व सूखा कूड़ा पृंथक्करण (source segregation) की वर्कशॉप करा कर वीडियो एवं फोटो राज्य मिशन निदेशालय की ईमेल–sbmdlbup@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- जनपद के जिलाधिकारी महोदय को व्यक्तिगत रूप से भेंट कर **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के विषय में अवगत करायें।
- स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान एवं डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन से होने वाले लाभों के विषय में अवगत करायें।
- वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत जन जागरूकता हेतु डोर टू डोर कैम्पेन कराना सुनिश्चित करें।
- निकाय की परिधि में स्थित समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के विषय में अवगत करायें।
- निकाय स्तर पर कार्यग्रत एन0जी0ओ0, सी0एस0ओ0 एवं सामाजिक संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर अभियान के विषय में अवगत करायें।
- सोसल मीडिया के समस्त प्लेटफार्म जैसे–फेसबुक, ट्विटर, इन्सटाग्राम इत्यादि के माध्यम से राज्य मिशन निदेशालय स्तर से प्राप्त Creatives (प्रति संलग्न) का उपयोग करते हुये व्यापक जन–जागरूकता एवं जन–सहभागिता सुनिश्चित करायें।

- अपने निकाय में "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान को सफल बनाने के लिये नुक्कड़ नाटक, वॉल पेटिंग, स्टैण्डी, बैनर, होल्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
- अभियान की सफलता हेतु निकाय स्तर पर सुव्यवस्थित योजनाबद्ध ढ़ग से अभियान के उद्देश्यों को परिलक्षित करायें।
- प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान को जनसहभागिता हेतु प्रचार प्रसार भी करायें।

**प्रथम चरण :— (01 फरवरी—15 फरवरी 2023 तक)**

- दिनांक **01 फरवरी 2023** को "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान का भव्य शुभारम्भ समारोह सम्पन्न करायें जिसके अन्तर्गत व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन में उपयोग किये जा रहे हैं समस्त वाहनों की आकर्षक झांकी स्वच्छता गीत के साथ निकाय के प्रमुख मार्गों से निकाली जाये।
- निकाय के समस्त वार्डों में कूड़ा गाड़ी, हत्थो ठेला, मिनी ट्रिपर, ट्राई साईकिल आदि के माध्यम से शत प्रतिशत डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन प्रतिदिन **प्रातः 10:00 बजे** कराना सुनिश्चित करें।
- निकाय के समस्त वार्डों में शत प्रतिशत डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन हेतु मैन पॉवर कराना सुनिश्चित करें।
- अपने निकाय परिसर में स्थित समस्त विद्यालयों के शिक्षकों तथा स्टाफ के लिये सूखा व गीला कूड़े के पृथक्करण एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के विषय में जन जागरूकता हेतु वर्कशॉप कराना सुनिश्चित करें।
- समस्त विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर पैरेन्ट्स टीचर मीटिंग (PTM) के माध्यम से डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन के सम्बन्ध में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के माता पिता का प्रशिक्षण करना सुनिश्चित करायें।
- दिनांक 11 फरवरी 2023 को International Day of Women and Girls in Science के अवसर पर "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की विशेष भागदारी सुनिश्चित करायें जिसमें कूड़े को वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण के विषय में प्रशिक्षण दिया जाये।
- अपने निकाय के स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्यों को निकाय में आमंत्रित कर स्वच्छ भारत मिशन (SWM) का झोला देकर सम्मानित करें एवं (DCCC) के द्वारा शिकायतकर्ता के निस्तारण की विधि से अवगत करायें।
- निकाय के विद्यार्थियों द्वारा रैली, ग्रुप सेल्फी, जनजागरूकता व प्रतियोगिताओं के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर जन जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।
- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत SBM TULIPS कार्यक्रम में प्रशिक्षु (intern) का चयन कर "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान के सोशल मीडिया कैम्पेन की गतिविधियों को उत्कर्ष बनाने हेतु प्रशिक्षण देकर प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।
- निकाय में कार्यरत स्वयं सहायता समूह (S.H.G.) एवं कम्युनिटी रिसोर्स परसन (C.R.P.) के कार्मिकों के माध्यम से वार्ड स्तर पर "**10तक**" 'डोर टू डोर' अभियान हेतु व्यापक जन जागरूकता एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये "**हर घर दस्तक**" कैम्पेन का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

**द्वितीय चरण :– (15 फरवरी – 03 मार्च 2023 तक)**

- निकाय स्तर पर 10–10 सफाई चैम्पियनों की 5 टीमों का गठन कर चैम्पियन टीम के माध्यम से **''10तक''** डोर टू डोर अभियान में जन–सहभागिता सुनिश्चित कराना तथा घर–घर जाकर कूड़ा पृथक्करण एवं डोर टू डोर से प्राप्त होने वाले लाभों को जन मानस को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।
- निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराये गये Creatives (प्रति संलग्न) कूड़ा गाड़ियों पर चस्पा कर वार्ड स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।
- **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत एन0सी0सी0 (नेशनल कैडेट कोर), एन0एस0एस0 (नेशनल सर्विस स्कीम) के युवाओं का सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित करें।
- स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों के माध्यम से वार्ड स्तर पर **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान हेतु व्यापक जन जागरूकता एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये **''हर घर दस्तक''** कैम्पेन का आयोजन कराना सुनिश्चित करें, जिसके अन्तर्गत स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य वार्ड के समस्त घरों में व्यक्तिगत रूप से जाकर **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान में सम्पूर्ण सहभागिता प्राप्त करने हेतु जनमानस को सहमत (Persuade) करायेंगे।
- निकाय में स्थित विद्यालयों में जागरूकता गोष्ठियां आयोजित कर विद्यार्थियों को ठोस कचरे के प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें एवं विद्यार्थियों को कूड़ा निस्तारण केन्द्र का जागरूकता भ्रमण करायें, साथ ही विद्यालयों के माध्यम से संलग्न Creative (पोस्ट कार्ड एट होम) विद्यार्थियों के माता पिता द्वारा भरवाकर विद्यालय में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें।
- **10तक डोर टू डोर** अभियान से सम्बन्धित उच्च गुणवत्ता (High resolution) व जियो टैग (GEO TAG) फोटो मिशन निदेशालय की ईमेल sbmdlbup@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- **10तक डोर टू डोर** अभियान के अन्तर्गत सम्पन्न हुये सभी कार्यक्रमों की सम्बन्धित वीडियोग्राफी, फोटो सहित डाक्यूमेन्ट्री बनाया जाना सुनिश्चित कर निकाय स्तर पर सुरक्षित कराना सुनिश्चित करें।
- जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके सोशल मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता कराने का अनुरोध करें।
- निकाय द्वारा वार्ड स्तर पर सामुदायिक कम्पोस्टिंग कराते हुये सुनिश्चित करें तथा सामुदायिक कम्पोटिंग कार्यक्रम की फोटो राज्य मिशन निदेशालय की ईमेल sbmdlbup@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- निकाय में कार्यरत आवासीय कल्याण समिति (RWA), व्यापार मण्डल, नागरिक सामाजिक संगठन, (CSO), (NGO) आदि संगठनों की **''10तक''** डोर टू डोर अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करायें।

**तृतीय चरण :– (04 मार्च – 31 मार्च 2023 तक)**

- **''10तक''** डोर टू डोर अभियान में क्रियानवित समस्त आई0ई0सी0 गतिविधियों में निरन्तरता बनाये रखते हुये दिनांक 04 मार्च से 31 मार्च 2023 तक **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत प्रतिभाग व सहयोग न करने वाले वल्क वेस्ट जनरेटर, हाउसहोल्ड एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को चालान (Penalise), किये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त नगर निगम व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत द्वारा टीम का गठन कर चालान (Penalise) कराना सुनिश्चित करें।

- दिनांक 31 मार्च 2023 को जनपद के जिलाधिकारी के मार्ग–दर्शन में जन–प्रतिनिधि द्वारा **''10तक''** 'डोर टू डोर' कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह का आयोजन कराना सुनिश्चित करायें तथा उक्त समापन समारोह की फोटो मिशन निदेशालय की ईमेल sbmdlbup@gmail.com पर उपलब्ध करायें।
- **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत समस्त गतिविधियों की उच्च क्वालिटी (High Resolution) फोटो, वीडियो इत्यादि जूक बाक्स (Juke Box) बनाकर राज्य मिशन निदेशालय की ईमेल sbmdlbup@gmail.com पर उपलब्ध करायें।
- **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के अन्तर्गत प्रतिभागियों की संख्या, उपयोग की गयी वाहनो की संख्या, कुल निस्तारित कूड़े की मात्रा, कुल चालान के आंकड़े आदि सूचनायें संरक्षित रखें जिसे राज्य मिशन निदेशालय द्वारा मांगे जाने पर वांछित फार्मेट पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः उपरोक्त कार्यों को क्रमानुसार पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें तथा उक्त अभियान की सफलता हेतु आपका पूर्ण सहयोग अनिवार्य है।

भवदीया,

( नेहा शर्मा )
राज्य मिशन निदेशक

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. जनपद के समस्त डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर/डिस्ट्रिक्ट को–आर्डिनेटर, एस0बी0एम0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि दिनांक 01 फरवरी, 2023 से चलाये जाने वाले **''10तक''** 'डोर टू डोर' अभियान के विषयगत यथोचित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

( नेहा शर्मा )
राज्य मिशन निदेशक

डोर टू डोर


प्राकृतिक कूड़ा

मानव निर्मित कूड़ा

1 तक

स्वच्छता परमो धर्मः

10 तक
स्वच्छता परमो धर्मः



स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

# 10 तक

स्वच्छता परमो धर्मः



प्राकृतिक कूड़ा

**मैं भी** प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक अपने घर/व्यवसाहिक स्थल का कूड़ा अलग अलग कर (गीला और सूखा) वेस्ट कलेक्टर को देने की शपथ लेता हूँ।



मानव निर्मित कूड़ा

## नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

@nagarvikasup/ @NagarVikasUP

Toll Free No. : 1533 / 1800 1800 101

# मैं भी 10 तक

स्वच्छता परमो धर्मः

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023



**मैं प्रतिदिन प्रात: 10 बजे तक अपने घर/व्यवसाहिक स्थल का कूड़ा अलग अलग कर (गीला और सूखा) वेस्ट कलेक्टर को देने की शपथ लेता हूँ।**

**नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश**

Toll Free No. : 1533 / 1800 1800 101

@nagarvikasup/ @NagarVikasUP

आदरणीय

हम अपेक्षा करते हैं कि आपके घरों में दो कूड़ेदान हरा और नीला होगा।

हां ☐ नहीं ☐

# हरा गीला

# सूखा नीला



प्राकृतिक कूड़ा



मानव निर्मित कूड़ा

**स्वच्छता के इस महाअभियान में आपका सहयोग अपेक्षित है**